प्रेस नोट

दिनांक 26.03.2025

हमीरपुर पुलिस व फायर टीम द्वारा संयुक्त फायर नियंत्रण ड्रिल का सफल अभ्यास।

आज दिनांक 26 मार्च 2025 को पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर के निर्देशन में पुलिस परेड ग्राउंड, हमीरपुर में फायर नियंत्रण ड्रिल का संयुक्त अभ्यास किया गया। इस अभ्यास का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक, हमीरपुर ने किया। जिसमें जिले की पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस अभ्यास में आग लगने की आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देना था। ड्रिल के दौरान विभिन्न प्रकार की आग को नियंत्रित करने के उपायों का अभ्यास किया गया, जिसमें अग्निशमन यंत्रों का उपयोग, जल स्रोतों से आग बुझाने की प्रक्रिया और घायलों को सुरक्षित निकालने के तरीके शामिल थे।

अभ्यास के दौरान पुलिस व फायर टीम के कर्मियों ने सामूहिक समन्वय का प्रदर्शन किया, जिससे वास्तविक घटनाओं में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर अधिकारियों ने फायर सेफ्टी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी पुलिसकर्मियों और अग्निशमन कर्मियों को सतर्क व प्रशिक्षित रहने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।